# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715
**फोन नं0: (05947)-252276, 254275, फैक्स नं0 : (05947)-255021, 252276**
email : **secy-ubse-uk@nic.in** वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in**

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024

**पत्रांक** : उ.वि.शि.प. / वि.प. / रा.गॉ.न.वि.प्र.प. 2024 / 58 / 2023–24 दिनांक 10 अक्टूबर 2023।

## :: परीक्षा विज्ञप्ति ::

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक : सेवाएँ–2 / 20572–76 / रा0गां0न0वि0 (प्र0प0) / 2023–24 दिनांक 04 अक्टूबर 2023 के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2024–25 हेतु कक्षा 6 में प्रवेश चाहने वाले उत्तराखण्ड राज्य में निवास / अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त के क्रम में प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा किया जा रहा है।

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय में सीटों की संख्या, क्षेत्रवार एवं लिंगवार आरक्षण निम्नवत् है:–

| जनपद | सीटें प्रति जनपद | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|
| हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा एवं नैनीताल | 60 | 80 प्रतिशत ग्रामीण 20 प्रतिशत शहरी | 50 प्रतिशत बालिकाओं हेतु आरक्षित |
| उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं ऊधमसिंह नगर | 30 | | |

जतिवार आरक्षण राज्य स्तर पर निर्धारित प्राविधानों / नीति के अनुसार अनुसूचित जाति को 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 4 प्रतिशत एवं अन्य पिछडा वर्ग को 14 प्रतिशत देय होगा।

## प्रवेश हेतु पात्रता एवं शर्तें

1. छात्र / छात्रा जिस जनपद में कक्षा 5 में अध्ययनरत है, वह कक्षा 6 में प्रवेश हेतु **उसी जनपद में संचालित राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए अर्ह होगा।**
2. अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में **सत्र 2023–24 में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए।** ऐसा अभ्यर्थी जो कक्षा–5 पूर्ववर्ती शैक्षिक सत्रों में उत्तीर्ण / अध्ययन कर चुका है, चयन परीक्षा में बैठने के लिए पात्र नहीं है।
3. **01 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थी की आयु 9 से 13 वर्ष के मध्य निर्धारित है,** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2015 के मध्य होना चाहिए, जन्मतिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं। अभ्यर्थी के प्रमाण पत्र में दर्ज आयु एवं अधिक उम्र के सन्देह होने पर उन्हें आयु की प्रमाणिकता हेतु मेडिकल बोर्ड भेजा जा सकता है, ऐसे स्थिति में **मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।**
4. अभ्यर्थी द्वारा किसी सरकारी / सरकारी सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 3, 4 व 5 में प्रत्येक वर्ष पूर्ण शिक्षा सत्र में अवश्य पढाई की हो एवं उत्तीर्ण हुआ हो।
5. **शहरी अथवा ग्रामीण क्षेत्र का निर्धारण अभ्यर्थी के गत वर्षों एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यालयों के आधार पर** किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों से आशय उन अभ्यर्थियों से है, जिन्होंने गत तीनों कक्षाएं (क्रमशः कक्षा 3, 4 एवं 5) ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में पूरे सत्र भर सतत अध्ययन किया है। एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का ही माना जायेगा।
6. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान **(NIOS)** से 31 मार्च 2024 तक या उससे पूर्व **'ब'** प्रमाण पत्र दक्षता उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश परीक्षा में बैठने के योग्य होंगे **अगर वे निर्धारित आयु सीमा (**01 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थी की आयु 9 से 13 वर्ष के मध्य) **में हों। ऐसे अभ्यर्थियों के ग्रामीण और शहरी अवस्थित का निर्णय उनके माता–पिता के निवास की स्थिति के आधार पर किया जाएगा।** इस हेतु उन्हें जिलाधिकारी / तहसीलदार / खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिससे यह पता चल सके कि किं वे सम्बन्धित क्षेत्र में तीन वर्षों से अध्ययनरत हैं एवं निवास कर रहे हैं।

## परीक्षा आवेदन प्रक्रिया एवं परीक्षा का स्वरूप

1. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड / उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरित आवेदन पत्र छात्र/छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 16 दिसम्बर 2023 (शनिवार) तक जमा किया जायेगा। विद्यालय द्वारा सभी प्राप्त आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 30 दिसम्बर 2023 (शनिवार) तक जमा किये जायेंगे।**

2. **निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप शिक्षा अधिकारी द्वारा नामावली (बालक/बालिका अलग–अलग) निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0) एवं हार्ड कॉपी में 19 जनवरी 2024 (शुक्रवार) तक परिषद् कार्यालय रामनगर, नैनीताल को उपलब्ध कराई जायेगी।**
3. आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखे जायेंगे। उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को तथा प्रवेशपत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थियों को परीक्षा से पूर्व यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा।
4. **परीक्षा केन्द्र का निर्धारण उप शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा।** प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. **प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना प्रवेशपत्र में की जायेगी।** प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेशपत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी को यथा समय उसके विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।
6. **प्रवेश परीक्षा का स्वरूप** – प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होंगे। **परीक्षा में कुल 100 प्रश्न** (मानसिक योग्यता के 50 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न एवं हिन्दी के 25 प्रश्न) **होंगे। मानसिक योग्यता एवं गणित के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे।** प्रश्नों का स्तर प्राथमिक स्तर (कक्षा 5 तक के स्तर) के समान होगा। सामान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **उत्तर पत्रक के रूप में ओ0एम0आर0 का प्रयोग किया जायेगा।** प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा। प्रश्नों/अंकों का विभाजन निम्नांकित तालिका के अनुसार होगा।

| खण्ड | विषयवस्तु | प्रश्न/अंकों का विवरण | माध्यम |
|---|---|---|---|
| (क) | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 25 | हिन्दी |
| (ख) | गणित परीक्षा | 25 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| (ग) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 50 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| | **योग** | **100** | |

## अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षा आवेदनपत्र में अभ्यर्थी द्वारा अंकित सूचना को सही मानते हुये अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह कक्षा 5 उत्तीर्ण सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति, निवास, जन्म/आयु प्रमाणपत्र) काउंसिलिंग के समय के संबंधित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रमाणपत्रों की जॉच संबंधित रा0गां0न0वि0 के प्राचार्य द्वारा की जायेगी।
2. **प्रवेश प्रक्रिया की काउन्सलिंग के समय अभ्यर्थी को सम्बन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण पत्र एवं कक्षा 5 उत्तीर्ण होने के प्रमाण पत्र को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य सूचना अंकित कर परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा वांछित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में अभ्यर्थन/चयन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।**
3. **कक्षा 6 में प्रवेश के संदर्भ में शासन द्वारा भविष्य में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया आच्छादित होगी।**
4. **परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से संबंधित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे परिवर्तन किया जा सकता है, ऐसी स्थिति में इसकी सूचना समाचारपत्रों के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी।**
5. प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं. 05947- 254275 से सम्पर्क कर सकते है।

10/10/2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।